**शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त डॉ निधि पटेल सख्त***

***शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने लिए शुरू होगी बीट प्रणाली, अब गंदगी होने पर जिम्मेदारी के लिए नाम होंगे तय***

***डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था करने वाली कम्पनियां कमियों को जल्द करें पूरा***

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और ज्यादा सुदृढ़ बनाने के लिए निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल अब एक्शन मोड में आ गई है। अब सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए वार्डो में बीट प्रणाली शुरू की जाएगी। जिसमें प्रत्येक 500 मीटर पर सफाई कर्मचारी नियुक्त होंगे और गंदगी पाए जाने पर बीट में नियुक्त कार्मिक पर कार्रवाई भी की जाएगी। हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि वर्तमान में कचरा संग्रहण व्यवस्था 80 प्रतिशत तक हो रही है, लेकिन ये शत प्रतिशत हों, इसके लिए सभी को एकजुटता दिखानी होगी। दरअसल, बुधवार को जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी अधिकारी, निगम अधिकारी और कचरा संग्रहण व्यवस्था से जुड़े कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

*हूपर में हेल्पर समस्या खत्म करें, वार्डो में टाइम से उठाया जाए कचरा*

इस दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में लगी कंपनी के प्रतिनिधियों से सख्त लहजे में बात करते हुए कहा कि हूपर में हेल्पर की अनुपस्थिति की समस्या का ठीक निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका समाधान जल्द किया जाए, वहीं वार्डो से समय पर कचरा उठाया जाए, इसे सुनिश्चित की जाए।


*गलियों में सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए बीट स्तर पर लगाए जाएंगे सफाई कर्मचारी*

निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि वार्डो में सभी जगह से कचरा उठाया जाए। इसके लिए हर 500 मीटर के दायरे में सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही सड़क पर ओपन कचरा डिपो हटाने के लिए भी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक क्षेत्र में लगातार निरीक्षण कर ओपन कचरा डिपो को हटवाएं।

*कचरा फेंकने वालों को कैमरे से किया जाए ट्रेस, किया जाए भारी चालान*

निगम आयुक्त ने सभी जोन उपायुक्त और उपायुक्त स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के कैमरे और बाजारों में लगे कैमरों से कचरा फेंकने वालों को चिन्हित किया जाए। गंदगी फैलाने पर चालान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, जिससे कि सड़क पर गंदगी नहीं दिखे। वहीं निगम आयुक्त ने देर रात तक खुलने वाली दुकानों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।


RRR


Smart City
JAIPUR SMART CITY LIMITED

